Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 4

Total No. of Questions : 4

# प्रथमा तृतीय वर्ष (8वीं) वार्षिक परीक्षा 2022-23

## विषय कोड : 0806

## विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम्

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**नोट– सभी** प्रश्नों के उत्तर सुन्दर एवं स्वच्छ अक्षरों में दीजिए। आवश्यकतानुसार सचित्र एवं नामांकित रचना कीजिए।

1. (अ) खाली स्थान भरिए : 1×5=5

(क) एक स्थान पर एक ही प्रकार के बड़ी मात्रा में उगाए गए पौधों को .............. कहते हैं।

(ख) सूक्ष्मजीवों को .............. की सहायता से देखा जा सकता है।

(ग) .................... तथा .................... जीवाश्म ईंधन हैं।

(घ) लकड़ी और कोयला जलने से वायु का .......................... होता है।

(ङ) कुएँ से पानी निकालते समय हमें रस्सी को .................... पड़ता है।

(ब) कॉलम 'A' में दिए गए शब्दों का मिलान कॉलम 'B' से कीजिए : 1×5=5

| कॉलम 'A' | | कॉलम 'B' |
|---|---|---|
| (*i*) रासायनिक उर्वरक | – | ब्रेड की बेकिंग |
| (*ii*) कार्बनिक खाद | – | पशु अपशिष्ट गोबर, मूत्र एवं पादप |
| (*iii*) राइज़ोबियम | – | दही का जमना |
| (*iv*) यीस्ट | – | नाइट्रोजन स्थिरीकरण |
| (*v*) लैक्टोबैसिलस | – | यूरिया एवं सुपरफॉस्फेट |

(स) निम्न कथन सत्य (T) हैं अथवा असत्य (F), लिखिए : 1×5=5

(क) सजातीय आवेश एक-दूसरे को आकर्षित करते हैं।

(ख) तड़ित चालक किसी भवन की तड़ित से सुरक्षा नहीं कर सकता है।

(ग) बुध सौर परिवार का सबसे छोटा ग्रह है।

(घ) हमारे सौर परिवार में नौ ग्रह हैं।

(ङ) ध्वनि प्रदूषण आंशिक श्रवण अशक्तता उत्पन्न कर सकता है।

(द) सही उत्तर का चयन कीजिए : 1×5=5

(क) एक युग्मनज में पाए जाने वाले केन्द्रकों की संख्या होती है :

(*i*) एक (*ii*) दो

(*iii*) चार (*iv*) कुछ नहीं

(ख) निम्न में से कौनसा आहार किशोर के लिए सर्वोचित है ?

(*i*) चिप्स, नूडल्स, कोक (*ii*) रोटी, दाल, सब्जियाँ

(*iii*) चावल, नूडल्स, बर्गर (*iv*) लेमन पेय, शाकाहारी

(ग) आपतन कोण परावर्तन कोण के बराबर होता है–

(i) सदैव (ii) कभी-कभी

(iii) कभी नहीं (iv) विशेष दशाओं में

(घ) निम्न में से कौनसा सौर परिवार का सदस्य **नहीं** है ?

(i) क्षुद्र ग्रह (ii) उपग्रह

(iii) तारामण्डल (iv) धूमकेतु

(ङ) ध्वनि संचरित हो सकती है–

(i) केवल वायु या गैसों में (ii) केवल ठोसों में

(iii) केवल द्रवों में (iv) ठोसों, द्रवों तथा गैसों में

2. अति लघु उत्तरीय प्रश्न : $3 \times 5 = 15$

(i) परावर्तन के नियम लिखिए।

(ii) दिए गए पदार्थों को विद्युत के चालक एवं कुचालक पदार्थों में वर्गीकृत कीजिए : ताँबा, ऐल्युमिनियम, रबड़, प्लास्टिक, लोहा, लकड़ी।

(iii) जब हम बोलते हैं तो हमारे शरीर का कौनसा भाग कंपित होता है ?

(iv) बल लगाने पर किसी वस्तु में क्या-क्या परिवर्तन होते हैं ?

(v) किशोरावस्था किसे कहते हैं ?

3. लघु उत्तरीय प्रश्न : $4 \times 5 = 20$

(i) वायुमण्डलीय दाब से आप क्या समझते हैं ?

(ii) गरमी में सफेद या हल्के रंग तथा सर्दी में काले रंग के कपड़े क्यों पहनते हैं ? कारण बताओ।

(*iii*) संगीतमय ध्वनि, शोर से किस प्रकार भिन्न है ?

(*iv*) गीले हाथों से विद्युत-उपकरणों को छूना हानिकारक होता है। कारण लिखिए।

(*v*) विसरित एवं नियमित परावर्तन में अंतर बताइये।

4. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – 5×5=25

(*i*) मानव नेत्र का नामांकित चित्र बनाइये तथा नेत्रों की सुरक्षा किस प्रकार करनी चाहिए ? बताइये।

**अथवा**

कैलाइडोस्कोप का चित्र बनाइए तथा उपयोग लिखिए।

(*ii*) तड़ित चालक किसे कहते हैं ? यह भवन की सुरक्षा किस प्रकार करते हैं ? सचित्र समझाइये।

**अथवा**

भूकम्प से बचने के लिए कौन-कौनसे उपाय करेंगे ?

(*iii*) ध्वनि प्रदूषण क्या है ? ध्वनि प्रदूषण के प्रमुख कारणों को बताइए।

**अथवा**

पौधा-घर प्रभाव का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(*iv*) हमारे जीवन में उपयोगी सूक्ष्मजीवों के बारे में **दस** पंक्तियाँ लिखिए।

**अथवा**

सूक्ष्मजीवों के मुख्य वर्ग कौन-कौनसे हैं ?

(*v*) "जहाँ तक सम्भव हो प्लास्टिक के उपयोग से बचिए।" इस कथन पर सलाह दीजिए।

**अथवा**

थर्मोप्लास्टिक तथा थर्मोसेटिंग प्लास्टिक के मध्य अंतर को स्पष्ट कीजिए।